## महत्वपूर्ण एवं खास

### माइंस में हादसा, एक कर्मी की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की मेगा प्रोजेक्ट दीपिका ओपन कास्ट माइंस में मंगलवार को दोपहर हुए हादसे में एक कर्मी की मौत हो गई। मृतक पीएचआईएल;फिल प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर का नियोजित बताया जा रहा है। पावर सेक्टर में काम से जुड़ी कम्पनी दीपका माइंस से व्यवसाय के आधार पर कोयला प्राप्त करती हैं। बताया गया कि उसके वाहन के साथ कर्मी यहां माइंस के वे.ब्रिज 25 पर आया था। तभी हादसे का शिकार हो गया। इस प्रकार से अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। आनन-फानन में पीड़ित को विभागीय चिकित्सालय गेवरा ले जाया गया, जहां पर चिकित्सक ने परीक्षण के साथ उसकी मृत्यु होने की घोषणा की। मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी जा रही है।

### ट्रैक्टर से भिड़ी स्कूल बस

**कोरबा (आरएनएस)।** कटघोरा बिलासपुर मार्ग दुर्गा मंदिर के पास गरिमा स्कूली बस की टक्कर ईट से भरी ट्रैक्टर.ट्राली हो गई। गनीमत रही कि स्कूली बच्चे हादसे में बाल बाल बच गए। घटने से डर से बच्चे रोने लगे वही मौके पर कटघोरा पुलिस व स्कूल प्रबंधन शिक्षक व प्राचार्य वहां पहुंचकर बच्चों को उनके घर छोड़ दिया । घटना के बाद सडक़ के बीच जाम लग गया। कटघोरा पुलिस मौके पर पहुंची और जाम को खुलवाया।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक घायल

**कोरबा (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गेवरा रोड स्टेशन के पास मालगाड़ी की चपेट में आने से सन्नी यादव नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे फौरन एसईसीएल के विभागीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार को सुबह यहां पर यह घटना हुई बताया गया कि इमलीछापर निवासी युवक रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी दौरान में मालगाड़ी की चपेट में आ गया। जानकारी मिलने पर कुसमुंडा पुलिस यहां पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की।

### एनएच-30 में यात्री बस-मेटाडोर में भिड़ंत

**जगदलपुर-रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर-जगदलपुर मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे क्रमांक 30 में सुबह-सवेरे यात्री बस और मेटाडोर में हुए जोरदार भिड़ंत में मेटाडोर के परखच्चे उड़ गए। वहीं बस में सवार आधा दर्जन यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। सूत्रों ने बताया कि हादसा आज सुबह करीब 6 बजे के आसपास कोतवाली थाना क्षेत्र में घटित हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने ही एसडीआरएफ की टीम को इसकी सूचना दी। इस दौरान मार्ग के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लग गया था। जिसे किसी तरह क्लीयर कराया गया। वहीं मेटाडोर चालक अपने केबिन में ही फंस गया था। एसडीआरएफ की टीम ने मेटाडोर का केबिन काटकर किसी तरह ड्राइवर को बाहर निकाला और सभी घायलों को 108 की मदद से उपचार के लिए मेकाज रवाना किया है।

### अधिवक्ताओं के लिए 10 लाख का निशुल्क बीमा

**कोरबा-रायपुर (आरएनएस)।** कोरबा अधिवक्ता संघ की नवीन कार्यकारिणी की बैठक में अधिवक्ताओं के लिए एक बड़ा फैसला लेते हुए संघ से जुड़े सभी अधिवक्ताओं का 10 लाख रुपए का नि:शुल्क बीमा कराए जाने का निर्णय लिया गया है। अधिवक्ता संघ पंजीकृत अधिवक्ताओं के बीमा प्रीमियम राशि का भुगतान करेगी। संघ के सचिव नूतन सिंह ठाकुर ने बताया कि 18 वर्ष से 65 वर्ष आयु वर्ग के सभी अधिवक्ता जिन्होंने दिसंबर 2030 तक मासिक शुल्क का भुगतान कर दिया है, वे सभी अधिवक्ता बीमा योजना के पात्र होंगे। मासिक शुल्क का भुगतान नहीं करने वाले अधिवक्ताओं को 25 जुलाई तक अनिवार्य रूप से भुगतान करना होगा।

# अब गौठानों में उपलब्ध रहेंगे पशु चिकित्सक

- शहर को ग्रीन सिटी बनाने लगाए अधिक से अधिक पौधे
- जिला प्रशासन की हेल्पलाईन नम्बर जारी



**दुर्ग (आरएनएस)।** लेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगरीय ड्डिनकाय की बैठक में नगर निगम आयुक्तों से कहा कि नगरीय गौठानों में एक पशु चिकित्सक हमेशा उपलब्ध रहना चाहिए, ताकि जानवरों में उत्पन्न होने वाली बीमारियों का उपचार तुरंत हो सके। उन्होंने अधिकारियों को रोका-छेका अभियान के तहत गौठानों का निरीक्षण स्वयं जाकर करने को कहा, ताकि गौठानों में चारा, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर सकें। पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए गौठानों में बाउण्ड्रीवॉल बनाने को कहा ताकि गौठान से पशु बाहर न आ सकें। कलेक्टर ने आम नगारिकों से अपील की है कि शहर में किसी भी प्रकार की परेशानी जैसे खराब सडक़ व सडक़ पर मवेशी पाए जाने पर जिला प्रशासन की हेल्पलाईन नम्बर- 18002330788 में सम्पर्क कर सकते हैं।

कलेक्टर ने नगरीय निकाय में वृक्षारोपण हेतु ट्री गार्ड एवं पौधे की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए कहा कि शहर को हरा-भरा करने के लिए सभी मुख्य मार्ग, शासकीय बिल्ंडिग, मार्केट, दुकानों, कॉलोनियों एवं घर-घर में सभी खाली जगहों में पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कलेक्टोरेट के उद्यान और बाउण्ड्रीवॉल के किनारे छोटे-बड़े पौधे लगाने के निर्देश दिए।

उन्होंने डिवाईडरों व सडक़ किनारे फूल के पौधे एवं फलदार वृक्ष लगाने को कहा। जगह के हिसाब से कन्हेर, बोगनविलिया के छोटे, फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाते हुए वृक्षारोपण के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने को कहा। उन्होंने सभी रिक्त स्थानों में प्लांटेशन करने को कहा। दुर्ग नगर निगम ने वृक्षारोपण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए वन होम वन ट्री अभियान शुरू किया है, जिसके अंतर्गत निगम द्वारा नि:शुल्क पौधे उपलब्ध कराया जा रहा है।

नगर निगम भिलाई द्वारा 20 हजार पौधे बोगनविलिया, अशोक के 300 पौधे, पुत्रजीवी के 300 पौधे लगाए जाएंगे और 100 नग विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जाएंगे। नगर निगम रिसाली द्वारा 10 हजार पौधे लगाए जाएंगे, जिसमें कटहल, जामुन, नीम, आंवला, बादाम, कन्हेर, बोगनविलिया, अशोक, करंजा शामिल है। नगर निगम दुर्ग द्वारा करंज, बेल, अमरूद, कचनार, कोनोकारपस, कदम, बादाम, सेवंती, बोगनविलिया, यूकोबिया, एरिकापाम, नीम, हमेलिया, अलमंडा, नीलकंठ, स्पाईडरलिल्ली, चम्पा व रातरानी के पौधे लगाए जाएंगे। जामुल में अशोक व विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जाएंगे। अहिवारा में 3 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है, जिसमें छायादार पौधे व विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जाएंगे। धमधा में नीम, आवला, ईमली, अशोक, जामुन, कटहल, अमरूद, सीताफल, बेलपत्र, करंच, गुलमोहर, कनेर, कचनार, बादाम, कदम, पीपल, आम, मुंगा व शीशम के पौधे लगाए जाएंगे। इसी प्रकार भिलाई चरौदा, उतई, पाटन व कुम्हारी में भी विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जाएंगे।

वेंडिंग जोन की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने सडक़ किनारे स्थित ठेले व खोमचे को व्यवस्थित करते हुए वेंडिंग जोन में स्थापित करने को कहा। साथ ही इसे आकर्षक बनाते हुए वेंडिंग जोन के आसपास छोटे-छोटे पौधे लगाने को कहा। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि जनदर्शन के आवेदनों को प्राथमिकता से लेते हुए अपूर्ण आवेदनों को शीघ्र पूर्ण करने को कहा। बैठक में नगरीय निकायों के आयुक्त एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित थे।

## वाहन मालिकों को मिल रही ऑनलाइन हाइपोथिकेशन हटाने की सुविधा

- परिवहन विभाग का नवाचार: 1.29 लाख वाहन मालिकों को मिल चुका है लाभ




**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ सरकार के परिवहन विभाग की नवाचारी पहल से वाहन मालिकों को बड़ी सुविधा मिली है और बैंक हाइपोथिकेशन से जुड़ी सेवाओं को फेसलेस करने से अब वाहन मालिक घर बैठें ही हाइपोथिकेशन हटाने की सेवा का लाभ ले रहें हैं। हाइपोथिकेशन के लिए वाहन मालिकों को अब बैंक और आरटीओ कार्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ती है और ना ही फॉर्म 35 या बैंक से एनओसी लाने की ज़रूरत पड़ती है। अब तक राज्य के 1 लाख 29 हजार 567 वाहन मालिकों को फेसलेस हाईपोथीकेशन टर्मिनेशन का लाभ मिल चुका है। परिवहन विभाग द्वारा लगभग 75 बैंकों, वित्तीय संस्थानों और गैर वित्तीय कंपनियों को हाइपोथीकेशन सेवाओं के साथ एकीकृत भी कर दिया गया है।

परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हाइपोथिकेशन टर्मिनेशन के लिए पहले परिवहन विभाग में पृथक से आवेदन करने की आवश्यकता होती थी। इसके लिए पहले वाहन स्वामी को बैंक जा कर फॉर्म 35 और एनओसी लेना पड़ता था फिर आरटीओ में ऑनलाइन फॉर्म भरना पड़ता था उसके बाद फॉर्म और एनओसी को जमा करने आरटीओ ऑफिस जाना पड़ता था। जिसे अब पूर्णत: फेसलेस कर दिया गया है। हाइपोथिकेशन समाप्ति के लिए आरटीओ कार्यालय द्वारा भौतिक दस्तावेज देने की ज़रूरत नहीं है। ऋण देने वाली संस्थाओं के द्वारा जैसे ही लोन क्लोज किया जाएगा वो जानकारी 24 घंटे के भीतर परिवहन विभाग के वाहन सर्वर में ऑनलाइन अपडेट हो जाएगी। इसके बाद किसी भी भौतिक दस्तावेज या आवेदन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। लोन क्लोजऱ के बाद परिवहन विभाग में हाइपोथिकेशन टर्मिनेशन को सत्यापित और अनुमोदित करने का काम स्वत: ही हो जाएगा। परिवहन विभाग द्वारा हाइपोथिकेशन के स्वत: टर्मिनेशन के बाद एम परिवहन तथा डीजी लॉकर पर अपडेटेड आरसी उपलब्ध करा दी जाएगी और एसएमएस के माध्यम से हाइपोथिकेशन हटाने की सूचना वाहन मालिकों को मिलेगी।

क्या होता है हाइपोथैकेशन- जब भी कोई गाड़ी किसी बैंक से लोन लेकर खऱीदी जाती है तो एक तरह से गाड़ी बैंक के पास गिरवी या बंधक होती है। आप लोन लिए ह्यूज गाड़ी में कोई भी कार्य बैंक के अनुमति के बिना नहीं कर सकते है।


आपकी गाड़ी हाइपोथैकेशन में है, यह जानने के लिये आप आरसी में देखेंगे तो यदि नीचे बैंक का भी नाम लिखा है तो वो गाड़ी बैंक के पास बंधक है जब लोन पटा दिया जाता है तो हाइपोथैकेशन हटाने से बैंक का नाम हट जाता है।

## सिमेंट फैक्ट्री में फटा ऑक्सीजन सिलेंडर,तीन की मौत कई घायल

**बलौदाबाजार (आरएनएस)।** प्रदेश के बलौदा बाजार जिले के हिरमी स्थित सीमेंट फैक्ट्री में ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से तीन लोगो की मौत हो गई है। वहीं कई घायल है जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। मामला मंगलवार दोपहर का है।

मिली जानकारी के अनुसार सुहेला थानाक्षेत्र के हिरमी में स्थित अल्ट्राट्रेक सीमेंट फैक्ट्री में मंगलवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे ऑक्सजीन सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट होते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। हादसे के दौरान मौके पर काफी संख्या में मजदूर काम कर रहे थे। ब्लास्ट इतना भयानक था कि वहां काम कर रहे तीन मजदूरों के चीथड़े उड़ गये वहीं कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इस हादसे में ग्राम सरपौंगा निवासी उमेश वर्मा, भाटापारा निवासी शत्रुहन वर्मा तथा ग्राम कुथरौद निवासी लखेश गायकवाड़ की मौत हो गई है। हादसे की सूचना मिलते ही हिरमी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल रवाना किया। ब्लास्ट कैसे हुआ इसकी फिलहाल जांच चल रही है।

## पुटू निकालने जंगल पहुंच रहे ग्रामीण, हाथियों का बढ़ा खतरा



**कोरबा (आरएनएस)।** वनमंडल कोरबा अंतर्गत कुदमुरा रेंज में हाथी चचियाए कनकी खार तथा कलमी टिकरा क्षेत्र में घूम रहे है। लेकिन क्षेत्र के ग्रामीण हाथियो की परवाह किए बगैर पुटू निकालने बढ़ी संख्या में जंगल पहुंच रहे है। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को लगातार मुनादी कराकर हाथियो के मौजदूगी वाले जंगल में न जाने और इससे दूरी बनाए रखने की सलाह दी जा रही है। बावदूज ग्रामीण घरों से निकल रहे है और पुटू निकालने व अन्य कामों से जंगल पहुंच जा रहे है । जिससे खतरा बढ़ गया है। खबरों के अनुसार रेंज के चचिया बीट में 12 हाथी मौजूद है जो लगातार जंगलो में मडऱा रहे जबकि दो दंतैल कनकीखार व कलमी टिकरा में है। कनकीखार में मौजूद दंतैल की आमद बालको.पसरखेत के रास्ते कुदमुरा जंगल में हुई और जंगल का रास्ता तय करते हुए कनकीखार पहुंचा है। वहीं कलमी टिकरा में घूम रहा अन्य दंतैल धरमजयगढ़ क्षेत्र से गीत कुंवारी होते हुए पहुंचा है। वन विभाग द्वारा हाथियों की लगातार निगरानी की जा रही है।

## वंदे भारत ट्रेन में पथराव करने वाले 7 नाबालिग गिरफ्तार



**रायपुर (आरएनएस)।** तिल्दा स्टेशन के पास वंदे भारत ट्रेन में पथराव कर ट्रेन के खिडक़ी को क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने तिल्दा के ही सात नाबालिग लडक़ों को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि 14 जुलाई को गाड़ी संख्या 20826 नागपुर बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस में तिल्दा स्टेशन के बाद पत्थर फेंकने की घटना से वंदे भारत एक्सप्रेस के कोच नंबर सी के 50,51, 52 सीट नंबर के बगल वाले कांच की खिडक़ी क्षतिग्रस्त हुई थी इस घटना की जांच करने पर घटना की पुष्टि हुई थी। मामले में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट भाटापारा में धारा 153 रेल अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। मामले में वरिष्ठ अधिकारियो के मार्गदर्शन में आरोपी की तलाश सरगर्मी से की जा रही थी। इसी पतासाजी और सुरागरसी के अंतर्गत सीसीटीवी के फुटेज और मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर 7 नाबालिग बालकों को तिल्दा बस्ती से पकड़ा गया एवं पूछताछ की गई तो उन्होंने पथराव करना स्वीकार कर लिया। लडक़ों ने पुलिस को बताया कि शाम के समय वे सभी लोग गुलेल लेकर कबूतर मारने के लिए तिल्दा रेलवे पूर्वी यार्ड के आस पास घूम रहे थे और किसी से सुने थे कि वंदे भारत एक्सप्रेस में पत्थर लगने से सायरन की आवाज आती है जिसकी पुष्टि करने के लिए सभी लोगों ने पत्थर उठा लिया और वंदे भारत के गुजरने के समय तकरीबन साढ़े 6 बजे ट्रेन पर पत्थर फेंके जिसमें से एक पत्थर सी कोच के सीट नंबर 50 51 52 के बाजू वाली खिडक़ी पर लगा जिसकी आवाज सुनकर सभी वहां से भाग गए थे। मामले में सभी को गिरफ्तार कर किशोर न्याय बोर्ड माना रायपुर में प्रस्तुत किया गया है।

## सौ से ज्यादा जवानों की जान लेने वाले चार नक्सलियों ने किया सरेंडर

- चारों पर था बीस लाख का इनाम



**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** बीस लाख के ईनामी दो नक्सली दंपतियों ने आत्म समर्पण कर दिया। दंतेवाड़ा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान से प्रभावित होकर चारो नक्सलीयो ने दंतेवाड़ा में पुलिस और सीआरपीएफ के अधिकारियों के सामने आत्म समर्पण किया। समर्पण करने वाले नक्सली पीएलजीए बटालियन नंबर एक छोटू पर आठ लाख का इनाम घोषित था जो दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा जिले की बड़ी नक्सली वारदातों में समिल था,छोटू की पत्नी पर भी तीन लाख का इनाम घोषित था,पीएलजीए मिलट्री प्लाटून 31 नंबर के नक्सली कोशा उर्फ मासा पर भी आठ लाख का इनाम घोषित था इसकी पत्नी आयते पर भी एक लाख का इनाम घोषित था पति के साथ उसने भी आत्म समर्पण कर दिया। वर्ष 2020 पामेड़ क्षेत्र में वारदात जिसमे चार पुलिस जवान बलिदान हुए थे,वर्ष 2020 में चिंतागुफा थाना क्षेत्र के मिनपा में वारदात 17जवान बलिदान हुए थे वर्ष 2022 में उसुर थाना क्षेत्र में नक्सली घटना करने में समिल थे जिसमें एक जवान बलिदान हुए थे,समर्पित नक्सली कोशा खूंखार नक्सली हिड़मा का गार्ड भी रह चुका है,कोशा एसएलआर लेकर रहता था नक्सली प्लाटून में। नक्सली दंपत्ति ने खुलासा किया कि लगातार कैम्पो के खुलने व पुलिस की ऑपरेशन कार्यवाही से बटालियन सहित सक्रिय नक्सली संगठनों छोडक़र भाग रहें हैं, बड़े नक्सली शोषण करते हैं। आत्म समर्पित नक्सलीयो को 25-25 हजार रुपये दंतेवाड़ा एसपी द्वारा दिया जाएगा, प्रत्येक को 10-10 हजार व दैनिक उपियोगी सामग्री उपलब्ध करवाई गई,दंतेवाड़ा में अब तक 609 नक्सली आत्म समर्पण कर चुके है जिसमे 157 इनामी नक्सली भी शामिल हैं।

# बस्तर के चार जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में पुन: सक्रिय हो चुके दक्षिण पश्चिम मानसून से झमाझम बारिश का दौर फिर से शुरू हो गया है। वहीं मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के लिए फिर से अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार बस्तर के चार जिलों में जहां भारी से अतिभारी वर्षा की चेतावनी है तो वहीं पांच जिलों में भी इसी तरह भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

मौसम विभाग से जारी चेतावनी की माने तो आने वाले चौबीस घंटों के दौरान बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर जिले में एक-दो स्थानों पर भारी से अतिभारी बारिश हो सकती है। वहीं प्रदेश के बालोद, राजनांदगांव, बस्तर, कोण्डागांव, कांकेर जिलों में एक-दो स्थानों पर भारी से अतिभारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर के लिए जहां ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। तो वहीं बालोद, राजनांदगांव, बस्तर, कोण्डागांव और कांकेर के लिए यलो अलर्ट जारी कर दिया है। इसी तरह आगामी दो दिनों के लिए भी इन जिलों के ऑरेंज और यलो अलर्ट को प्रभावी रहने की बात कही गई है।

ज्ञात हो कि इस समय पूरे प्रदेश में मानसून सक्रिय बना हुआ है और अधिकांश जिलों में रूक-रूककर बारिश होने का सिलसिला जारी है। रविवार और सोमवार देर शाम तक प्रदेश के बिल्हा, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बलौदाबाजार, राजनांदगांव जैसे इलाकों में लगातार बारिश होती रही है। वहीं मौसम विभाग ने अब आने वाले दिनों में मानसून की सक्रियता लगातार बढऩे तथा अच्छी वर्षा का अनुमान जताया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी रावकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU